कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमाक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनाक 04.01.2021 द्वारा श्रीमती पुष्पा मिश्रा, प्रधानाचार्य, राउमावि दादिया, सागानेर जिला जयपुर का स्थानान्तरण राउमावि लांगच, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ किया गया था। उक्त आदेश के विरूद्ध श्रीमती पुष्पा मिश्रा द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 635/2021 पुष्पा मिश्रा बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई थी जिसमें माननीय अधिकरण द्वारा अन्तरिम आदेश दिनांक 01.02.2021 द्वारा अपीलार्थी के पक्ष में 4 सप्ताह का स्थगनादेश जारी किया गया।

उक्त 4 सप्ताह की अवधि व्यतीत हो जाने पर श्रीमती पुष्पा मिश्रा को इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 18.06.2021 द्वारा कार्यमुक्त कर आगामी उपस्थिति स्थानान्तरित स्थान राउमावि लांगच, कपासन जिला चित्तौड़गढ दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

प्रकरण में माननीय अधिकरण द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनाक 24.06.2021 द्वारा कार्यालय समसंख्यक आदेश दिनांक 18.06.2021 के अनुसरण में जारी अपीलार्थी के कार्यमुक्ति आदेश दिनांक 21.06.2021 को माननीय अधिकरण की आगामी सुनवाई तक स्थगित किया गया है।

अतः माननीय अधिकरण के उक्त अन्तरिम निर्णय के अनुसरण में श्रीमती पुष्पा मिश्रा राउमावि दादिया, सांगानेर जिला जयपुर में प्रधानाचार्य के पद पर पूर्ववत पदस्थापित रहेंगी एवं दोहरे पदस्थापन के मद्देनजर श्रीमती पुष्पा कुमारी वर्मा, प्रधानाचार्य का अन्तरिम समायोजन राउमावि बेसरोली (220047) मकराना जिला नागौर किया जाता है।

उक्त पदस्थापन/समायोजन माननीय अधिकरण द्वारा अपील में पारित आगामी/अन्तिम निर्णय के अध्यधीन रहेंगे।

(काना राम)
आई ए एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/पुष्पा मिश्रा/635/2021/171 दिनांक: 22/11/2021
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर/उदयपुर/अजमेर संभाग, जयपुर/उदयपुर/अजमेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जयपुर/चित्तौड़गढ/नागौर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक जयपुर/चित्तौडगढ/नागौर।
6. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मकराना जिला नागौर।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. प्रधानाचार्य राउमावि दादिया, सांगानेर जिला जयपुर।
11. श्रीमती पुष्पा मिश्रा, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य राउमावि लांगच, कपासन जिला चित्तौडगढ।
12. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)

Rajasthan Education Department
Scanned with CamScanner